**प्रेस विज्ञप्ति**

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
# पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

## पंतनगर विश्वविद्यालय का 34वां दीक्षान्त समारोह 16 फरवरी 2023 को

पंतनगर। 14 फरवरी 2023। पंतनगर विश्वविद्यालय का 34वां दीक्षान्त **समारोह 16 फरवरी 2023 को दीक्षांत** पण्डाल में आयोजित होगा। दीक्षान्त समारोह के मुख्य अतिथि उत्तराखण्ड के राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय के कुलाधिपति, ले.ज. गुरमीत सिंह होंगे। साथ ही अति विशिष्ठ अतिथि मननीय मुख्यमंत्री उत्तराखण्ड, पुष्कर सिंह धामी, विशेष अतिथि कृषि मंत्री श्री गणेश जोशी एवं सचिव एवं कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग (डेयर) तथा भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के महानिदेशक डा. हिमांशु पाठक उपस्थित होंगे। इस दीक्षान्त समारोह में वर्ष 2020–21 एवं 2021–22 तक पाठ्यक्रम पूर्ण कर चुके स्नातक, स्नातकोत्तर एवं परास्नातकोत्तर के लगभग 2503 विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान की जाएंगी। उपाधियों के साथ–साथ कुलपति स्वर्ण पदक, रजत पदक एवं कास्य पदक भी दीक्षान्त समारोह में प्रदान किये जायेंगे। इसके साथ ही एक सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थी को कुलाधिपति स्वर्ण पदक से भी सम्मानित किया जाएगा। विभिन्न क्षेत्रों में विद्यार्थियों की विशिष्ट उपलब्धियों के लिए उन्हें विश्वविद्यालय द्वारा विभिन्न पुरस्कार भी इस दीक्षान्त समारोह में दिये जायेंगे।